इसी शैक्षणिक सत्र से 76 नए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेज़ी माध्यम के स्कूल शुरू होंगे

चर्चा में क्यों?

24 जून, 2022 को छत्तीसगढ़ के स्कूली शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा राज्य में 76 नए स्वामी आत्मानंद अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय इसी शैक्षणिक सत्र से प्रारंभ किये जा रहे हैं। इन नए स्कूलों में विद्यार्थियों को 1 जुलाई से प्रवेश दिया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने बताया कि पालकों और बच्चों के आग्रह पर मुख्यमंत्री बघेल ने राज्य में 50 और नवीन अंग्रेज़ी माध्यम के स्कूल खोलने की घोषणा की थी। विधानसभा क्षेत्रों के भेंट-मुलाकात के दौरान लोगों की मांग पर मुख्यमंत्री ने 26 और नवीन अंग्रेज़ी माध्यम के स्कूल खोलने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री की मंशा और उनकी घोषणा के अनुरूप 76 नए स्कूल खोले जा रहे हैं।
- 76 नए स्कूलों के खुल जाने से राज्य में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेज़ी माध्यम के विद्यालयों की संख्या 171 से बढ़कर 247 हो जाएगी। राज्य में 32 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम के विद्यालय संचालित हैं।
- रायपुर में सर्वाधिक 12 नए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेज़ी माध्यम के विद्यालय शुरू किये जा रहे हैं। इसी तरह बलौदाबाज़ार, बस्तर एवं बेमेतरा ज़िले में 4-4, बिलासपुर, कोरबा, कोरिया, कोंडागाँव, बलौद एवं बलरामपुर ज़िले में 3-3, धमतरी एवं बीजापुर ज़िले में 2-2 तथा कांकेर, कबीरधाम, रायगढ़ एवं राजनांदगाँव ज़िले में 1-1 नवीन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेज़ी माध्यम के विद्यालय प्रारंभ किये जा रहे हैं।
- इन विद्यालयों में हिन्दी माध्यम पूर्व की भाँति यथावत संचालित रहेंगे। हिन्दी माध्यम के विद्यार्थियों के प्रवेश हेतु निश्चित संख्या निर्धारित नहीं की गई है। विद्यालय अपनी आवश्यकता एवं क्षमता अनुसार प्रवेश दे सकेंगे। विद्यालयों का संचालन आवश्यकतानुसार दो पालियों में किया जा सकेंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/swami-atmanand-excellent-english-medium-schools